आज दिनांक 11 मार्च 2025 को गुरु नानक कॉलेज के राजनीतिक विज्ञान विभाग और विमेन सेल द्वारा एक वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार का विषय था " Building Safe Spaces Through Posh Awarenss. इस वेबिनार का आयोजन साक्षी के रक्षिन प्रोजेक्ट के कोलैबोरेशन से किया गया। वेबीनार की मुख्य वक्ता डॉक्टर राम्या निसाल थी जो कि रक्षिन प्रोजेक्ट की प्रोग्राम डायरेक्टर है। कार्यक्रम की शुरुआत विभाग अध्यक्ष डॉक्टर मीना मालखंडी ने की और धन्यवाद ज्ञापन डॉ नीता ओझा ने किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉक्टर राम्या निसाल ने कार्यक्रम के विषय पर विस्तार पूर्वक बोलते हुए कुछ अति महत्वपूर्ण बातों का जिक्र किया जिसमें उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि हमारे आसपास के माहौल में कौन सी बातें, कौन सी क्रिया, कौन से शब्द और कौन सी और कैसी नजर वास्तव शारीरिक और मानसिक शोषण को जाहिर करते हैं और बढ़ावा देती है इस बात की जागरूकता अति आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर भी व्यापक प्रकाश डाला कि अगर किसी के साथ इस प्रकार की घटना होती है तो उसके बारे में कहां-कहां शिकायत की जा सकती है और उसका भी जिक्र किया कि जहां शिकायत की जाती है उनकी कार्य प्रणाली कैसी है। महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष आर एस चहल सर ने महाविद्यालय में इस विषय से संबंधित एक कमेटी गठित करने का सुझाव दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर संजय प्रसाद सर ने डॉ राम्या निशाल को महाविद्यालय में इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आमंत्रित किया है। इस कार्यक्रम में कुल 171 छात्र -छात्राओं ने पंजीकरण कराया। कार्यक्रम में भूदा कैंपस के प्रोफेसर इंचार्ज प्रोफेसर अमरजीत सिंह, बैंक मोड कैंपस की प्रोफेसर इंचार्ज डॉ रंजना दास, प्रोफेसर साधना सिंह, प्रोफेसर सोनू यादव, प्रोफ़ेसर दीपक कुमार, डा वर्षा सिंह, प्रोफेसर अभिषेक सिन्हा, प्रोफेसर स्नेहल, प्रोफेसर संजय सिन्हा, प्रोफेसर संतोष कुमार, प्रोफेसर पीयूष अग्रवाल, प्रोफेसर नमिता कुमारी, प्रोफेसर सिमरन छाबड़ा और नुसरत परवीन और सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी ने अपनी अपस्थिति दी।

Photo Gallery:

गुरुनानक कॉलेज में वेबिनार का आयोजन

धनबाद। गुरुनानक कॉलेज के राजनीतिक विज्ञान विभाग व विमेन सेल की ओर से मंगलवार को वेबिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ राम्या निसाल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि हमारे आसपास के माहौल में कौन सी बातें, कौन सी क्रिया, कौन से शब्द वास्तव शारीरिक और मानसिक शोषण को जाहिर करते हैं। शासी निकाय अध्यक्ष आरएस चहल ने महाविद्यालय में इस विषय से संबंधित एक कमेटी गठित करने का सुझाव दिया। प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद समेत अन्य ने संबोधित किया। मौके पर प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. अमरजीत सिंह, डॉ रंजना दास, डॉ मीना मालखंडी, प्रो. साधना सिंह, प्रो. सोनू यादव, प्रो. दीपक कुमार, डॉ वर्षा सिंह मौजूद थे।

Hindustan

Dated :- 12-03-2025

जीएन कॉलेज : शारीरिक और मानसिक शोषण हो तो करें शिकायत : डॉ राम्या

धनबाद। जीएन कॉलेज में मंगलवार को राजनीतिक विज्ञान विभाग और विमेन सेल की ओर से वेबिनार हुआ। इसका विषय पॉश जागरूकता के माध्यम से सुरक्षित स्थानों का निर्माण था। वेबिनार साक्षी के रक्षिन प्रोजेक्ट के सहयोग से हुआ। मुख्य वक्ता प्रोजेक्ट की निदेशक डॉ राम्या निसाल ने कहा कि ह शारीरिक व मानसिक शोषण को पहचानें, इसकी जागरूकता जरूरी है। किसी के साथ ऐसी घटना हो तो शिकायत करें। कॉलेज के शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आरएस चहल ने विषय पर कमेटी गठित करने का सुझाव दिया। प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद, डॉ मीना मालखंडी, डॉ नीता ओझा, प्रो अमरजीत सिंह, डॉ रंजना दास, प्रो साधना सिंह, प्रो सोनू यादव, प्रो दीपक कुमार, डॉ वर्षा सिंह, प्रो अभिषेक सिन्हा, प्रो स्नेहल, प्रो संजय सिन्हा, प्रो संतोष आदि मौजूद थे।

Dainik Bhaskar

Dated :- 12-03-2025